भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4510
मंगलवार, 28 मार्च, 2023/7 चैत्र, 1945 (शक) को उत्तरार्थ

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद

†4510. श्री मोहनभाई कुंडारिया:
श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) के अधिदेश और कार्य-निष्पादन क्या हैं;
(ख) क्या एनसीसीटी सहकारी कार्मिकों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा एनसीसीटी द्वारा प्राप्त उपलब्धियां क्या हैं?

उत्तर
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (ग): राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (NCCT) जो सहकारिता मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त समिति है, को अन्य बातों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षण से संबंधित सर्वांगीण नीतियां व योजनाएं बनाने, कार्मिकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिज़ाइन और आयोजित करने, प्रशिक्षण संस्थान स्थापित और प्रबंधित करने तथा अनुसंधान अध्ययन संचालित करने का अधिदेश प्राप्त है ।

सहकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, पुनर्वास महानिदेशालय, इत्यादि के साथ सहयोगी कार्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है ।

वर्ष 1974 में अपनी स्थापना के बाद, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद ने वर्ष 2021-22 तक कुल 52,423 प्रशिक्षण व सदस्य शिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं और लगभग 14.9 लाख कर्मियों को प्रशिक्षित किया है ।

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद द्वारा पिछले तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष में संचालित कार्यक्रमों की संख्या और प्रतिभागियों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	उपलब्धि	
	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
2019-2020	1,783	60,881
2020-2021	1,100	40,288
2021-2022	1,598	62,774
2022-2023 (फरवरी 2023 तक)	2,624	1,44,879

वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान कोविड-19 वैश्विक बीमारी के कारण संख्या प्रभावित हुई थी ।

****